nandgaon times JULAI-20-5.qxd 7/19/2025 10:53 PM Page 1

भाजपा का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर... पृष्ठ 2 | पत्रकारों से डरें नहीं, जनजागरण में... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 20 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 270, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## नई औद्योगिक नीति के माध्यम से विकास और रोजगार सृजन कर रही है हमारी सरकार : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की नवनिर्मित इकाई का किया भव्य शुभारंभ, फार्मास्यूटिकल इकाई का शुभारंभ प्रदेश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण कदम



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर के सेक्टर-05 स्थित एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की नवनिर्मित इकाई का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं और उत्पादन इकाई का भ्रमण कर दवा निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कोविड के कठिन दौर में दवाइयों की किल्लत को देखते हुए इस इकाई के निर्माण का सपना देखा गया था और आज वह साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया कोविड के संकट से जूझ रही थी, तब भारत ने स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर एक मिसाल कायम की। श्री साय ने कहा कि फार्मास्यूटिकल्स की इकाई का शुभारंभ प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति निवेशकों को आकर्षित कर रही है और पिछले सात-आठ महीनों में 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कई परियोजनाओं पर कार्य आरंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार सृजन का कार्य कर रही है और ऐसी इकाइयों को विशेष प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है, और इन 25 वर्षों में जो विकास हुआ है, उसमें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह ने न केवल प्रदेश से भूखमरी को दूर किया, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी ठोस नींव रखी।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य गठन के समय प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, जबकि आज प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के जरिए लोगों को नि:शुल्क इलाज मिल रहा है। श्री साय ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष की अवधि में छह से अधिक विशेषज्ञ अस्पतालों के शुभारंभ का मैं साक्षी रहा हूं, जो दर्शाता है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी का मानना है कि लोग बीमार न पड़ें, निरोगी रहें, और उनकी इसी संकल्पना के अनुरूप वेलनेस सेंटर के माध्यम से लोगों को आरोग्य प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार ने च्विकसित छत्तीसगढ़ 2047ज्ज् की परिकल्पना के तहत विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की सकल राज्यीय उत्पाद (त्रस्ष्ठक्क) ?5 लाख करोड़ है, जिसे 2030 तक ?10 लाख करोड़ और 2047 तक ?75 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, और यह प्रदेशवासियों के सहयोग से ही संभव होगा।



मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स का भ्रमण कर उन्नत तकनीकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह इकाई पूरी तरह ऑटोमेटेड है, जहाँ टैबलेट, सिरप, ऑइंटमेंट और क्रीम जैसे विभिन्न प्रकार की दवाइयों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस इकाई के विस्तार से बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश के फार्मास्यूटिकल सेक्टर में यह एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक शुरुआत है। उन्होंने कहा कि भारत ने इस क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है और कोविड काल के दौरान पूरी दुनिया को यह एहसास हुआ कि दवाइयों और चिकित्सा संसाधनों का क्या महत्व है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों ने भी उस दौर में भारत की फार्मा क्षमता पर विश्वास जताया। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विजन डॉक्यूमेंट जारी किया गया है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास में नवा रायपुर की केंद्रीय भूमिका है। यह क्षेत्र न केवल औद्योगिक निवेश के लिए उपयुक्त है, बल्कि सभी प्रमुख मार्गों से जुड़ाव के कारण लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से भी अत्यंत सुविधाजनक है। डॉ. सिंह ने एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की टीम को इस नई शुरुआत के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह इकाई नवा रायपुर के विकास को नई गति देगी। इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, श्री पवन साय, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक श्री मोतीलाल साहू, विधायक श्री ललित चंद्राकर, विधायक श्री संपत अग्रवाल, विधायक श्री अनुज शर्मा, सीजीएमएससी के अध्यक्ष श्री दीपक म्हस्के, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स से श्री कोमलचंद चोपड़ा, श्री अनिल देशलहरा और श्री उज्ज्वल दीपक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पुरी पीठ ने किया स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर का आयोजन

**अरविन्द तिवारी**

**जगन्नाथपुरी ( नांदगांव टाइम्स )।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज के सानिध्य में श्रीगोवर्द्धनमठ पुरी पीठ में विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित है। जिसमें श्रीगोवर्द्धन गोशाला , नि:शुल्क औषधालय , वेद पाठशाला आदि प्रमुख है , साथ ही आदित्यवाहिनी की सेना रथयात्रा आदि समारोह में विभिन्न सेवाकार्य भी संपादित करती है। इसी तारतम्य में आज साक्षी गोपाल मंदिर परिसर , पुरी ओड़ीशा में एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत एक्युप्रेशर , योग ( आयुर्वेद) , फिजिओथेरेपी , आशु चिकित्सा तथा आर्थोपेडिक





विशेषज्ञों द्वारा शिविर में उपस्थित जनों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गयी। इसी कड़ी में पुरी शंकराचार्यजी के सेनाओं में शामिल कारपेंटर , पेंटर , प्लम्बर , इलेक्ट्रिशियन , राजमिस्त्रियों ने स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत मन्दिर परिसर की साफ सफाई एवं स्वच्छता का अभियान चलाया गया। बताते चलें पुरी शंकराचार्यजी के निर्देशानुसार राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत सनातन - धर्म के दुर्ग मठ - मन्दिरों को सेवा - शुचिता - स्वच्छता - सुन्दरता - पवित्रता - स्वास्थ्य - शिक्षा - सुरक्षा - अर्थ - शील - सुमति - शक्ति - स्नेह तथा संस्कृति से सम्पन्न व्यक्ति तथा समाज की संरचना के संस्थान बनाकर तद्वत सम्बद्ध क्षेत्र को सुसंस्कृत , सुरक्षित और स्वावलम्बी बनाने की भावना से पीठपरिषद् अन्तर्गत आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी पुरी शाखा के द्वारा इस एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर आदित्यवाहिनी से उड़ीसा अध्यक्ष मातृ प्रसाद मिश्रा , उपाध्यक्ष ब्रह्माचारी सुयश एवं रघुनाथ महंत , सुरेश चौधरी , बाहु बलेन्द्र मलिक , सागर मोहंती , आदित्य साहू , सुनील पटनायक , इंजी राकेश साहू , पूर्णचंद्र मिश्र , अजय लैंका , सौम्य रंजन स्वाईं , आनन्दवाहिनी से आराधना महापात्र एवं मीना झा सहित आदित्यवाहिनी के साठ सदस्यों और साक्षी गोपाल मंदिर से आलोक खुंटिया और श्याम भाई ने सहयोग किया। यहां आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दो सौ से अधिक उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। पुरी पीठ ने सभी प्रान्तीय इकाईयों से अपने - अपने क्षेत्रों में इस प्रकार के अभियान चलाकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। इसकी जानकारी श्रीसुदर्शन संस्थानम , पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी।

## शंकरपुर मे साई की मूर्ति स्थापना

### सुनील बंसोड़ ने दी भजनो की बेहतरीन प्रस्तुति

**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** शंकरपुर वार्ड नंबर 9 मे दिनांक 17-07-2025 दिन गुरुवार को सावन के पवित्र माह मे श्री साईं बाबा की मूर्ति स्थापना हुई तथा प्राण प्रतिष्ठा की गईं इस दौरान साईं बाबा की पूजा अर्चना कर जल अभिषेक किया गया बाबा को भोग लगाने के पश्चात् प्रसादी मे फल, हलवा, खीर पूड़ी सब्जी वितरण किया गया द्य

संध्या 7 बजे से सुप्रसिद्ध ख्याति प्राप्त भजन गायक सुनील बंसोड़ ने साईं भजनो की बेजोड़ प्रस्तुति दी जिसमे साईं बाबा के महिमा का बखान किया गया. जिसमे मेरा प्यारा प्यारा साईं शिर्डी वाला, ऐसा. भला खुला कहा दरबार मिलेगा, ताली बजाके बोलो जै साईंनाथ, साईनाथ तेरे हजारों हाथ, भजन शामिल हैँ इसके आलावा सुनील बंसोड़ ने गणेश जी एवं माता रानी का स्मरण कर उक्त कार्यक्रम मे भोलेनाथ जी पर जप हर हर भोला, श्री राम जी पर राम नाम के जोत ला जला, हनुमान जी पर बजरंग बली छाये गली भक्त हैं महान भजनो की शानदार प्रस्तुति दी अन्य कलाकार आरगन मे पुखराज सिन्हा, तबला भूपेंद्र सेन, ढोलक दिनेश साहू,पैड मे हरीश यादव, ने संगत दी कोरस मे चुन्नीलाल साहू, रोशन शेंडे, राजेंद्र रामटेके शामिल थे । इस पुरे कार्यक्रम मे उपस्थित जनमानस ने भजनो का भरपूर आनंद उठाया ताली बजाते रहे एवं झूमते रहे।




इस गरिमामयीआयोजन मे वार्ड के वरिष्ठ नागरिक एवं उदय सेवा समाज के उस्ताद अशोक कोर्राम,समाज सेवी गुरुदत्त वर्मा,समाज सेवी, कौशल देवांगन, रेखालाल वर्मा, गणेश श्रीवास्तव, गोविन्द गजभीये, कोरस गायक चुन्नीलाल साहू,बिट्टू विक्की वैष्णव, गंगाराम जी, राजू राजा देवांगन,हेमंत सिन्हा, प्रहलाद सिन्हा, रजनीश बड़गे, समाज सेवी चेतन वर्मा,गुरूजी राजेश साहू, पारस साहू ,रोहित साहू, नंदकुमार देवांगन, देवेश सिन्हा, डॉ पन्नालाल सिन्हा, त्रिलोकी साहू, एवं अन्यजनो का विशेष सहयोग रहा।

## शहीद हेमु कालानी चौक लालबाग में सोमवार को बाबा महाकाल पालकी यात्रा का होगा भव्य स्वागत

### शिव उद्यान में एक पेड़ मां के नाम पर बेलपत्र पौधों का रोपण कार्यक्रम आयोजित, पूजा अर्चना उपरांत महाप्रसादी वितरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को नगर में महाकाल सेना द्वारा भगवान महाकाल श्री चंद्रमौलेश्वर की भव्य पालकी यात्रा निकाली जा रही है। बाबा महाकाल की उक्त दैवीय पालकी यात्रा का भव्य स्वागत लालबाग स्थित शहीद हेमू कालाणी चौंक पर किया जाएगा। शिव सेवा मंडल लालबागेश्वर धाम द्वारा आयोजित बाबा महाकाल के भय स्वागत - सत्कार? कार्यक्रम में मुख्य रुप से महापौर मधुसूदन यादव, राजस्व विभाग के चेयरमैन (पार्षद) राजा माखीजा, महाकाल सेना के राजेश डागा , सिंधी समाज के अध्यक्ष मन्नूलमल जी मोटलानी, समाज के वरिष्ठ ब्रहमानंद बजाज ,आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी आदि सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं व शिव सेवा मंडल के धर्मानुरागी लोगों की उपस्थिति रहेंगी। शिव सेवा मंडल के श्री गंगवानी ने बताया कि लालबाग स्थित उक्त शिव धाम मंदिर में श्रावण सोमवार के पुनीत अवसर बर्फसे निर्मित बाबा अमरनाथ का भव्य शिव लिंग दर्शनीय बना हुआ है। इस दौरान पूरी भक्ति - भाव के बीच दोपहर 1 बजे शहीद हेमु कालानी चौक समीप स्थित शिव उद्यान में एक पेड़ मां के नाम पर बेल-पत्र पौध का रोपण किया जाएगा।



**इन स्थानों से गुजरेगी भगवान महाकाल की पालकी यात्रा**

शिव सेवा मंडल लालबागेश्वर धाम के भाई अर्जुन दास गंगवानी ने बताया कि सावन मास के द्वितीय सोमवार को बसंतपुर स्थित क्लब चौक से महाकाल भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी जो महामाया चौक, से गांधी नगर ,महेश नगर , कमला कालेज समीप स्वामी विवेकानंद चौक होते हुए फुर्सत के पल तक जाने के पश्चात यहां से मुड़ कर रानी सागर के पूछा होते हुए प्रभात नगर स्थित भगवान जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर पहुंचेगी यहां पूजा अर्चना के पश्चात बाबा जी की पालकी यात्रा का सीधे लालबाग समीप शहीद हेमू कालाणी चौंक आगमन होगा जहां माननीय अतिथियों सहित शिव सेवा मंडल व सिंधी समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान मंडल द्वारा सिंधू भवन में महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।शिव सेवा मंडल द्वारा समस्त महाकाल भक्तो को उक्त कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी अर्जुन दास गंगवानी द्वारा दी गई।




## एनबीआईएस बोरी में इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित शाला नायक एवं नायिका बने आदित्य खंडेलवाल तथा शाईनी लाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की गतिविधि हेतु इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में छात्र परामर्श परिषद की स्थापना की गई।

समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी के स्वागत पश्चात मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। शाला में नव-निर्वाचित शाला नायक, नायिका के साथ ही शाला में कार्यानुसार समस्त प्रभारियों को बैच पहनाया गया। ज्ञात हो कि शाला नायक व नायिका के चयन के लिए विधिवत चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया गया था, जिसमें मतगणना एवं साक्षात्कार में प्राप्तांकों के आधार पर विजयी प्रत्याशी को यह स्थान प्राप्त हुआ है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शाला के कक्षा बारहवीं के आदित्य खंडेलवाल तथा शाईनी लाल शाला नायक एवं नायिका बनी। वहीं जुनियर शाला नायक एवं नायिका कक्षा पांचवीं के कुनाल ठाकुर व प्राप्ति शर्मा बने। शाला मां अनुशासन एवं खेल की जिम्मेदारी खेल शिक्षक डॉ विकास वैष्णव को दी गई, साथ ही अनुशासन के लिए मान्विक साहू, प्रतीक धृतलहरे, अभ्यूदय तिवारी, शुभी रुशिया, अशिता वैष्णव, रितिका तलरेजा तथा खेल कप्तान अभ्यूदय शर्मा व नितिशा पारख को बनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी शिक्षिका हेतल पित्रोड़ा तथा जिम्मेदारी रोशनी सिंग बघेल, प्रथम सोनी, रिशिका वैष्णव एवं रिशित साहू को दी गई। शाला के चार हाऊसों




में भगत हाउस का प्रभार शिक्षिका स्वप्निल तिवारी को तथा कप्तान क्षितिज डड़सेना, मान्या जैन व उपकप्तान अराध्या दुबे व कविश साह को दिया गया। आजाद हाउस का प्रभार शिक्षिका शाक्षी वैष्णव को तथा कप्तान शंकर राज वैष्णव, आनंदी अवस्थी व उपकप्तान वंश पटेल व टिया सिन्हा को मिली। सुखदेव हाउस का प्रभार शिक्षिका अकांक्षा कोसरिया को तथा कप्तान प्रनय शर्मा, खुशाग्र साहू व उपकप्तान हर्षवर्धन सिन्हा व इशिका वर्मा बने। राजगुरू हाउस का प्रभार शिक्षिका आर श्रीया राव को तथा कप्तान ईशान तिवारी व शाक्षी साहू व उपकप्तान निमरत बजाज व गौरंश साहू को बनाया गया। शाला की अन्य गतिविधियों हेतु क्लबों की स्थापना की गई है, जिसमें हैरिटेज क्लब का प्रभार शिक्षिका ईशा शर्मा, इको क्लब का प्रभार शिक्षिका मनीषा शर्मा, क्रिएटिव क्लब का प्रभार शिक्षिका सोनाली साहू, हैल्थ एंड वैलनेस क्लब का प्रभार शिक्षिका रोशनी चौहान, रीडिंग क्लब का प्रभार शिक्षिका लीना सिन्हा, असेंबली प्रभार शिक्षिका प्रस्तुति चैबे व शुभांशी अग्रवाल साथ में रेहत बग्गा व अर्हम नखत, सीसीए का प्रभार शिक्षिका सुष्मिता मंडल के साथ शिक्षिका खुशबू साहू, शिक्षिका रीना सिन्हा व शिक्षिका नम्रता परचानी को सौंपा गया । शाला की खबरों के लिए मिडिया का प्रभार शिक्षिका रुचि श्रीवास्तव को दिया गया। शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी द्वारा सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए, सौंपें गए कार्य को गति देने शुभकामनाएं दी गई। सभी सदस्यों द्वारा अपने कार्य के सफल संचालन के लिए शपथ ली गई। पालकों की उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ गई। प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी के मार्गदर्शन में समारोह संपन्न किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन एडमिन नितिन चौहान द्वारा किया गया।

nandgaon times JULAI-20-5.qxd 7/19/2025 10:54 PM Page 2



# भाजपा का प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर रह गई है ईडी : कांग्रेस

## शहर व जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में जयस्तंभ चौक पर हुआ पुतला दहन , कांग्रेसजन भाजपा व ईडी पोस्टर के साथ की नारेबाजी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार के खिलाफ की जा रही द्वेषपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार 19 जुलाई को जयस्तंभ चौक पर भाजपा व ईडी का पुतला दहन कर विरोध जताया।

जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निवास पर छापेमार कार्यवाही करते हुए उनके परिवार के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही है जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में शनिवार 19 जुलाई को जयस्तंभ चौक पर पोस्टर के साथ नारेबाजी कर ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही भ्रष्टाचार का बोलबाला चल रहा है भाजपा के लोगों द्वारा अवैध रेत, खनिज का दोहन किया जा रहा है, तो वहीं अवैध शराब मामला तेजी से पनप रहा है। जिस तरह से भाजपा का भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है, छग विधानसभा के सदन में कांग्रेस विधायकों द्वारा मामला उठाया जा रहा है जिससे भाजपा सरकार तिलमिला गई है और ईडी को भाजपा अपने प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाकर कांग्रेस नेताओं पर द्वेषपूर्ण



कार्यवाही करवा रही है। अंडानी बंधुओं को खुश करने छग प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को उजाड़ जा रहा है लगातार हरे-भरे पेड़ों की कटाई हो रही है इन ज्वंलत मुद्दों पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उठाया गया तो भाजपा सरकार उनकी आवाज दबाते हुए ईडी की कार्यवाही कर उनके परिवार व सुपुत्र चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर दिया इससे कांग्रेस डरने वाले नहीं है और न्याय की इस लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार करती है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि धुमिल करने की नियत से भाजपा सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा छापेमार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। भाजपा द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध की भावना के चलते उनके सुपुत्र चैतन्य बघेल पर ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया। छग विधानसभा में जनता के हितों व मुद्दों की बात रखने पर भाजपा सरकार राजनीति दुर्भावना निकालते हुए यह कार्य किया जा रहा है। जिसका कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है।

पुतला दहन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, विभा साहू, पदम कोठारी, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, आफ्ताब आलम, मेहुल मारू, पंकज बांधव, दिनेश शर्मा, विवेक वासनिक, इकरामुद्दीन सोलंकी, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, हरिनारायण धकेता, मामराज अग्रवाल, गोपीचंद गायकवाड, रितेश जैन, अशोक फ्डनवीस, खिलेश बंजारे, गोपी रजक, विक्की पटेल, सूरज शर्मा, विशाल गढ़े, संदीप सोनी, शेषनाथ, सुरेन्द्र देवांगन, संजय साहू, रज्जू जॉन, सागर ताम्रकार, प्रतिमा बंजारे, अरशद खान, शमसुद्दीन सैफी, आफ्ताब अहमद, मो. इब्राहिम, नवीन जायसवाल, चेतन सिन्हा, कुलदीप, तौसिफ गोरी, राजू सिन्हा, चंद्रिका वर्मा, कुंभदास जोशी, ललित कुमरे, दुरदर्शन साहू, अहिल्या साहू, मंजू साहू, सावित्री साहू, नासिर खां, अंजली घावड़े, रामगुलाल घावड़े, लेखचंद वर्मा, रविकुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## मुरमुंदा कामिनी मंडावी का प्रयास विद्यालय मे चयन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला-पटपर,संकुल-उरईडबरी के होनहार छात्रा कामिनी मंडावी का प्रयास



आवासीय विद्यालय मे चयन होने पर शाला परिवार एवं संकुल परिवार मे खुशी की लहर छा गई है।छात्रा की इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य राजकुमारी जैन मैडम संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार सर प्रधान पाठक पंचराम साहू,शिक्षिका जीरामणी टोप्पो एवं संकुल के समस्त प्रधान पाठकगण एवं शिक्षक शिक्षिकाओ ने छात्रा को बधाई सह उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दिए।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने जन्मदिन पर दिव्यांग खिलाड़ियों को दिया उपहार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विधायक



कार्यालय कवर्धा में सामाजिक सरोकार का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पाँवरजली निवासी अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी हरिहर सिंह राजपूत को तलवारबाजी खेल अभ्यास के लिए 1 लाख 52 हजार रुपये की लागत से विशेष खेल किट प्रदान की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने जिले के अन्य दिव्यांगजनो को भी सहायता सामग्री वितरित की। इनमें 4 दिव्यांगों को बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्रायसायकल, 3 को व्हीलचेयर, 5 को श्रवण यंत्र तथा 1 को बैसाखी प्रदान की गई।

## इको क्लब के सदस्यों द्वारा बैग लेस डे पर पौधा रोपण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव में बैग लेस डे पर पर्यावरण



संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत एको क्लब के सदस्य गण पेड़-पौधे लगाये। साथ ही पेड़ पौधें जल संरक्षण में भी महत्व भूमिका निभाती है। जिसकी जानकारी इको क्लब प्रभारी शिक्षक माधव साहू द्वारा दिया गया।इस अवसर पर प्रधानपाठक गैंद लाल डहरे, माधव साहू ,शिक्षिका श्रीमती दीपिका साहू, अंजु देवांगन, शशि ठाकुर , टीलेश्वर साहू , अमरनाथ एवं शाला के बच्चे कुमारी विद्या, नागेश्वर साहू,प्रियंका, सुलेखा, धनेश्वरी,मीरा साहू उपस्थित थे।

## जिला कबीरधाम पुलिस की सघन कार्यवाही - अवैध शराब तस्कर रंगे हाथ गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक राजेश चंद के नेतृत्व में पुलिस द्वारा त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध शराब की बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा गया। थाना बोड़ला अंतर्गत चौकी बैजलपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा चोरी-छिपे शराब की अवैध बिक्री और परिवहन की सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर निगरानी तेज की गई। दिनांक 18.07.2025 को सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल के डिग्गी में शराब रखकर बोड़ला से तरेगांव जंगल मार्ग पर वार्ड क्रमांक 01, डबरी पारा क्षेत्र में बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसका नाम सुशील कुमार मरकाम पिता ढीमरा मरकाम उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बैजलपुर चौकी बैजलपुर थाना बोड़ला होना पाया गया।

## पंडरिया विधायक भावना बोहरा छत्तीसगढ़ वासियों एवं प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि के लिए सावन के दूसरे सोमवार को अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक करेंगी 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** भगवान भोलेनाथ पर अपार आस्था



और विश्वास के साथ प्रतिवर्ष हमारे प्रदेश व देश में लाखों कांवड़ यात्री कई किलोमीटर की कठिन यात्रा करके भगवान शिवजी का जलाभिषेक करने के लिए विभिन्न मंदिरों की यात्रा करते हैं और शिवभक्ति की इस परंपरा को आगे ले जाते हैं। हमारे छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से भी प्रतिवर्ष सावन माह में हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री अमरकंटक में जलेश्वर महादेव को जल अर्पित करने कांवड़ यात्रा करते हैं। इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा ने भी इस वर्ष एक ऐसा संकल्प किया है।

**शुभांक**

**4-6-8**

**678-1 346-3**

## परम पूज्य माँ जी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह का निधन

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के पूर्व प्रशासक स्वर्गीय श्री लाल शंकर बहादुर सिंह की धर्मपत्नी, तथा राजकुमार कॉलेज के पूर्व प्राचार्य स्वर्गीय डॉ जयंत बहादुर सिंह की माताजी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह का आज प्रात: निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थीं।वह रॉयल किड्स कॉन्वेंट के संस्थापक और राजकुमार कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ जे बी सिंह और रॉयल किड्स कॉन्वेंट के निदेशक संजय बहादुर सिंह की माताजी थीं।



**अंतिम यात्रा और अंतिम संस्कार**

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह की अंतिम यात्रा उनके निज निवास, संस्कार भवन ,एल ऐस बी टॉवर, रॉयल किड्स स्कूल, लाल बाग, राजनांदगाँव से अपराह्न 4 बजे मुक्ति धाम के लिए निकली। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें खैरागढ़ राज परिवार, रॉयल किड्स कॉन्वेंट के सभी कर्मचारियों और सिंह परिवार के सदस्यों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी।

**शोक संदेश**

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह के निधन से परिवार और समाज में शोक की लहर है। वह अपने पीछे पुत्रवधु डॉ सविता जे बी सिंह, पुत्र संजय बहादुर सिंह, पुत्रवधु मनीषा सिंह,पौत्र सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह और श्रेयांश बहादुर सिंह, एवम बहु बेटियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। शवयात्रा में समस्त संबंधी जन, नगर के गणमान्य नागरिक, खैरागढ़ राज परिवार, राजकुमार कॉलेज रायपुर के हितैषी गण मोहंती सर, शेष सर, राजनांदगाँव से सचिन सिंह बघेल, अशोक चौधरी, मधुसुदन नायर, अभिजीत मुखर्जी, सुषमा शुक्ला, गोपाल साहू एवं बड़ी संख्या मे स्व जन उपस्थित रहे । सभी ने माँ जी के व्यवहार की भूरी भूरी प्रशंसा की । उनके मातृत्व एवं वात्सल्य भाव को याद किया एवं माँ जी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । इस अवसर पर सभी ने पूज्य पप्पाजी लाल शंकर बहादुर सिंह तथा डॉ जे बी सिंह सर को भी अत्यंत आदर एवं श्रद्धापूर्वक याद किया । श्रद्धांजलि सभा को अशोक चौधरी, टीऐस बग्गा, सचिन सिंह बघेल, राजकुमार कालेज के जे बी सर के सहयोगी एवं मित्र शेष नारायण सर, अभिषेक खण्डेलवाल, इंद्र कुमार वैष्णव ने संबोधित किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में बाल केबिनेट का गठन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सरस्वती शिशु मंदिर,नागतराई (डोंगरगढ़) में संस्था प्रमुख श्री ए.आर.पटेल के मार्गदर्शन में शिशु भारती (बाल केबिनेट) का गठन किया गया। जिसमें सेनापति भैया आदित्य वर्मा,उपसेनापति बहन कीर्ति साहू,उपप्रमुख भैया चेतन्य कुमार कदम,स्वच्छता विभाग प्रमुख बहन दामिनी सिन्हा,उपप्रमुख भैया धर्मेश कुमार साहू,बागवानी विभाग प्रमुख भैया तोषण देशमुख,उपप्रमुख हिमांशी सिन्हा,खोया पाया विभाग प्रमुख भैया यश गोस्वामी,उपप्रमुख तेजेश्वनी साहू तथा कक्षा



बहन उमा गोस्वामी, क्रीड़ा विभाग प्रमुख भैया यमनराज पटेल,उपप्रमुख बहन कंचन मारकंडे,सांस्कृतिक विभाग प्रमुख कविता मारकंडे,उपप्रमुख राजकुमार यादव,प्रार्थना विभाग प्रमुख भैया गोकुल कुमार लाउत्रे,उपप्रमुख बहन लिसु सिन्हा,योग एवं शारीरिक विभाग प्रमुख बहन,लूमन पटेल,उपप्रमुख वासु यादव, स्वास्थ्य विभाग प्रमुख प्रथम से अष्टम तक कक्षा प्रमुख एवं उपप्रमुख का चयन किया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी कुमारी मंजू साहू ने शपथ दिलाई। इसमें दीदियां श्रीमती अनिता देशमुख, श्रीमती पूर्णिमा वर्मा,श्रीमती प्रिया दुबे,कुमारी पूजा ठाकरे,कुमारी सुमन पटेल तथा आचार्य चुरामन दास साहू एवं राजेंद्र टंडन मौजूद रहे।

## बावली या कुआं एक पारंपरिक जल संचयन संरचना

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** बावली या कुआं एक पारंपरिक जल संचयन संरचना है जो नगर के कई हिस्सों में देखी जाती थी। सब्जी बाजार में दो महत्वपूर्ण कुआं उपस्थिति था पूरा बाजार के लोग इसका पानी का उपयोग करते थे बड़े जमात मंदिर पुराना पुलिस थाना के सामने बावली जिसे आज कब्जाधारियों ने कब्जा कर लिया है सरकारी रिकॉर्ड में आज भी ऑनलाइन देखा जा सकता है प्राथमिक शाला नंबर 1 में बावली हम बचपन में देखे थे ये संरचनाएं अक्सर ऐतिहासिक महत्व रखती हैं और जल संचयन के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी होती हैं।

**बावली की सामान्य विशेषताएं:**



- जल संचयन: बावलियां जल संचयन के लिए बनाई जाती हैं, जहां बारिश का पानी इकट्ठा किया जाता था और लोग जीवन यापन के लिए उपयोग करते थे लोग अब इन्हें भूल चुके हैं नल और बोर इसके स्थान ले चुका है।

- सामाजिक महत्व: ये अक्सर सार्वजनिक स्थान होते जहां लोग पानी के लिए आते थे और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेते थे। वास्तुकला: बावलियों की वास्तुकला में अक्सर स्थानीय शैलियों और डिज़ाइनों का उपयोग किया जाता था ऐतिहासिक महत्व: कई बावलियां ऐतिहासिक स्थल होती हैं और स्थानीय इतिहास का हिस्सा होती हैं आज नगर के इन सभी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बावलिया या तो मृत्यु अवस्था में है या कब्जाधारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है अब यह नगर का इतिहास बन कर रह गया है इसकी संरक्षण समय रहते शासन द्वारा किया जाता तो आज जल स्तर का स्रोत बना रहाता लोग मीठा पानी पीते रहते।

## नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रत्येक शुक्रवार आयोजित हो रहा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, डोंगरगढ़ में विद्यार्थियों के समग्र स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हर शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) टीम द्वारा संचालित किया जाता है। शिविर में डॉ. एन. सिंह, श्रीमती साहू और लैब टेक्नीशियन की उपस्थिति में बच्चों की बीपी, शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की जाती हैं। साथ ही, जिन विद्यार्थियों को मानसिक और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है, उन्हें काउंसलिंग सेवा भी दी जाती है। पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी स्टाफ नर्स आम्रपाली गजभिए द्वारा कुशलतापूर्वक निभाई जा रही है। उनके मार्गदर्शन में शिविर की सभी प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित होती हैं।



## परिपोषक पालन पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री इंद्रजीत सिंह चंद्रावल के निर्देशन में में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 0 से 6 वर्ष के बच्चों के समग्र विकास हेतु परिपोषक पालन के चक्र 2 और 3 के विषय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



यह प्रशिक्षण सभी सेक्टर मुख्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य माता-पिता एवं देखभालकर्ताओं के साथ कार्यकर्ताओं की संवाद कौशल को सशक्त बनाना, बच्चों की भावनात्मक और सामाजिक ज़रूरतों को समझना और उन्हें सही वातावरण में विकसित करने हेतु कार्यकर्ताओं को सक्षम बनाना था। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सेक्टर सुपरवाइजर द्वारा बच्चों के व्यवहार को समझने की कला सकारात्मक अनुशासन और प्रोत्साहन के तरीके 0-3 वर्ष के बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार माता-पिता के साथ सहायक साझेदारी का निर्माण घर-आंगनबाड़ी समन्वय अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। CDPO श्री सुनील बंजारे ने बताया कि च्पपरिपोषक पालन बच्चों की नींव को मजबूत करता है और इसी उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पी आर खुटेल के अनुसार यह प्रशिक्षण श्वष्टष्टश्व (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) के राष्ट्रीय उद्देश्यों को मजबूत करेगा।

## पेट्रोल - डीजल के दाम कम होने से लोगों को मिलेगी राहत - राजेश गुप्ता अग्रहरि

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने देश के पेट्रोलियम मंत्री हरजीत पुरी द्वारा पेट्रोल - डीजल के दाम आने वाले दिनों में कम होने की बात कहे जाने को अच्छी खबर बताया और कहा कि पेट्रोल - डीजल के दाम कम होने से आम जनता को काफी राहत मिलेगी। श्री अग्रहरि ने कहा कि लगातार रुस और युक्रेन के बीच चला आ रहा युद्ध तथा इजरायल व गांजा पट्टी सहित फिलिस्तीन व इरान के साथ हो रहे युद्ध के चलते क्रूड आयल व पेट्रोलियम उत्पाद के दाम काफी महंगे हो गए हैं। इसका असर



पेट्रोल - डीजल के दामों पर भी पड़ रहा है। पेट्रोल - डीजल वाले वाहनों से सामानों के परिवहन होने के कारण जींसों के दामों में वृद्धि होती है तो महंगाई को बढ़ाने वाला साबित होता है। इस सब के बावजूद भारत में पेट्रोल - डीजल का दाम काफी अंकुश में रहा है, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी जी का यह कथन बहुत ही महत्वपूर्ण है कि यदि मौजूदा वैश्विक हालात ऐसे ही बने रहे और कच्चे तेल की क़ीमते 67 डालर के बजाय 65 डालर के आसपास बनी रहे तो कुछ ही दिनों में इसके कीमतों में कमी आ सकती है।

## सड़क निर्माण के नाम पर किया जा रहा है व्यापारियों को परेशान



**खडगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खड़गांव के मुख्य मार्ग पर ठेकेदार द्वारा बिक्रस ईट लगाने के नाम पर सड़क को खोद दिया गया है और बिक्रस ईट लगाने के लिए दुकानों के सामने ईंटों का ढेर लगा दिया है लेकिन वर्तमान समय तक भी कोई काम नहीं हो रहा है जिसके चलते व्यापारियों को परेशानी का सामना कर रहा है और जब ठेकेदार को फोन लगाया जाता है तो ठेकेदार का फोन बंद रहता है वहीं दूसरी ओर ईंटों के ढेर और खोदे गए रोड़ के कारण लगातार दुर्घटना होने का भय बना हुआ है इसके अलावा ठेकेदार की मानमानी के कारण भी बीते समय गौ माता की मृत्यु हुई है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे तमाशा देख रहे हैं जिसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है कि ठेकेदार द्वारा सांठगांठ करके रोड़ को खोदा गया है और काम ना करके व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। दुकानों पर ग्राहकों का आवागमन नहीं हो पा रहा है दुकानों पर रखे पूरे सामानों पर धूल मिट्टी हो रहा है। व्यापारी संघ के तोमन साहू, लक्ष्मण सोनकर, व अन्य लोगों ने बताया कि अगर समय रहते हुए ठेकेदार द्वारा अधूरे कार्य को जल्द पूरा नहीं किया गया तो आगामी समय पर जिला मुख्यालय जाकर कलेक्टर को शिकायत दर्ज किया जाएगा साथ ही अनिश्चितकालीन कालीन हड़ताल भी किया जाएगा जिसका जिम्मेदार ठेकेदार होगा।





## ज्ञान मंथन

*1) सिलिकोसिस रोग मुख्य रूप से किस पदार्थ के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होता है?*
*2) किस संगठन ने फ्यूचर ऑफजॉब्स रिपोर्ट 2025 जारी की?*
*3) कालिदास ने किस ग्रंथ में सती प्रथा का उल्लेख किया था ?*
*4) पगड़ी संभाल जट्टा आंदोलन 1907 में किस भारतीय क्रांतिकारी ने शुरू किया था?*
*5) हाल ही में दिवंगत के. एस. मणिलाल किस क्षेत्र से संबंधित थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) सिलिका डस्ट (2) वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (3) कुमारसंभव (4) अजीत सिंह (5) वर्गिकी

## पानी हमर जिनगानी?

बरषा के दिन ह आगे हे,
त बचा के रखबो पानी।
काबर की इही ले तो हे,
हमर तुहर सबो के जिनगानी।
बचाए बर पानी ल,
करबो उपाय आनी-बानी।
ताकि गरमी के समय म,
झन होवए कम पानी।
बरषा के दिन ह आगे हे,
त बचाके रखबो पानी।
चारो मुड़ा भरपूर रही पानी,
तभे तो हरा भरा पर्यावरण अऊ
खुशहाल रही सबके जिनगानी।
बरषा के दिन ह आगे हे,
त बचाके रखबो पानी।
आओ मिलकर गढ़े,एक नई कहानी।
व्यर्थ न जाए, बरषा का पानी।
बचा के रखबो पानी,
तभे तो रही जिनगानी।

रचनाकार
धनुष राम कंवर
प्रधान पाठक
शासकीय प्राथमिक शाला
भरूहाटोला, वि.ख-डोंगरगढ़

# पत्रकारों से डरें नहीं, जनजागरण में नया मुद्दा - नरेन्द्र कुमार शुक्ल

**किरनापुर ( नांदगांव टाइम्स )।** पूरक एकता यात्रा, कटनी से होशंगाबाद, एक मात्र बालाघाट जिला प्रतिनिधि भाजपा, किरनापुर किरनापुर के जन जागरण अभियान प्रारंभ है। आज कुछ व्यक्तियों से बातचीत में यह बात खुलकर सामने आई कि आजकल कुछ पत्रकार अवैध वसूली करते हैं इस पर नरेन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा आपको किसी भी पत्रकार को अवैधानिक रूप से किसी भी प्रकार की राशि नहीं देना चाहिए। पत्रकार लोकतंत्र का एक आधार स्तम्भ है। पत्रकार न रहे तो कहां कौन क्या कर रहा है इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल सकती।देश में अराजकता, हिंसा, अशांति का माहौल सदैव बना रहता। पत्रकार ही सारी जानकारी दुनिया को अपनी जान को जोखिम में डालकर सत्य को सामने लाता है।जो भी जानकारी वह आपसे लेना चाहे उन्हें अवश्य प्रदान करना चाहिए। हां आपका प्रश्न है कि कुछ पत्रकार पत्रकारिता के नाम पर अवैध वसूली करते हैं ये बात भी सही है लेकिन हर पत्रकार वैसा नहीं होता।



पत्रकार दिवस भी मनाया जाता है। तहसील, जिला, प्रदेश, देश स्तर पर पत्रकार संघों द्वारा पत्रकारों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए पुरस्कृत भी किया जाता है एवं वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा उन्हें विभिन्न प्रकार की जानकारी से अवगत कराया जाता है एवं कहा भी जाता है कि पत्रकारिता व्यापार नहीं देश सेवा है। निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करनी चाहिए। जो इसे कमाई का जरिया मानकर पत्रकारिता करना चाहे तो वह पत्रकारिता न करे। जीवन यापन के लिए उसे कुछ न कुछ व्यापार करना चाहिए। आजकल कुछ पत्रकार इसे कमाई का साधन मानकर पत्रकारिता कर रहे हैं इसलिए शुद्ध पत्रकारिता पर दाग लगते जा रहे हैं। अंत में आपको अपने मन से पत्रकारों का डर निकाल देना चाहिए।डरा धमकाकर किसी तरह का लाभ लेना चाहे तो उसकी एफ्आईआर पुलिस थाने में जाकर कराना चाहिए या आजकल सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया का लाभ लेकर विडियो रिकॉर्डिंग कर पुलिस को सूचना दें। पुलिस उन पर कार्रवाई करेगी। आज कल फर्जी पत्रकारों के ऊपर लगाम कसने विशेष कानून बना रही है।गलत काम कर पत्रकारों को आप राशि प्रदान करते हैं,सच साबित होने पर आप भी और वो पत्रकार भी कानून के चंगुल में फंस जाएंगे इसलिए गलत काम करें नहीं कभी किसी से डरें नहीं।सबका साथ सबका विश्वास सरकार के नारे को सफ्ल बनाएं। फ्रि किसी मुद्दे पर जनजागरण अभियान में मिलेंगे।

# 08 म्यूल एकाउंट खाता धारकों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने वाले 08 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए. पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिये उपयोग में लाया गया है की जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है। पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में खोले गये म्यूल एकाउंट का जांच कर कार्यवाही की जाती है। ऐसे ही म्यूल खाता के धारकों के समन्वय पोर्टल से प्राप्त




जानकारी अनुसार बंधन बैंक शाखा डोंगरगढ़ में खुले विभिन्न म्यूल बैंक खातों में दिनांक- 25.01.2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि 10,06,544/-रू0 जमा होना पाया गया जिस पर 15 जुलाई 2025 को थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0- 360/2025 धारा-317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और 19 जुलाई 2025 को 08 म्यूल अकांउट खाता धारक 01. मन्नू यादव, 02. सिराजूदीन खान, 03. आर्यन नामदेव, 04. सोहेल खान, 05. चिरावन सेन, 06. रवि ढीमर, 07. सचिन मेश्राम, एवं 08. प्रियांशु जंघेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# 7 वर्षीय नन्ही बिटिया सिरजनहार कौर के जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एरोन जेन्सन मेमोरियल हाई स्कूल में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जब नन्ही बिटिया सिरजनहार कौर के 7वें जन्मदिन के अवसर पर स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश बना, बल्कि बाल्यकाल को प्रकृति से जोड़ने का सुंदर प्रयास भी साबित हुआ। इस अवसर पर सिरजनहार कौर के पिता, ज्ञानी नरिंदर सिंह ने बेटी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि च्वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और आज मेरी बेटी का यह जन्मदिन सच में यादगार बन गया। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर श्रीमान विमल राव, प्रधानाचार्य श्रीमती पल्लवी राव, कक्षा शिक्षिका श्रीमती माधवी जंघेल और शिक्षिका खुशी परमार भी शामिल हुए।



# कौरिनभाठा शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन बनाने महापौर ने रखी नीव




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम द्वारा वार्डो में कराये जा रहे विकास कार्य के तहत आज कौरिनभाठा शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव ने नीव रखी। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद श्री संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शासन द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित अधोसंरचना मद एवं पर्यावरण निधि अंतर्गत रोड नाली के अलावा सामुदायिक भवन,मंच, उद्यान आदि निर्माण कार्यो के लिये राशि उपलब्ध कराये है जिससे सभी वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज वार्ड नं. 45 के कौरिनभाठा शीतला मंदिर के पास अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रूपये की लागत से समुदायिक भवन बनाने भूमिपूजन किया जा रहा है। सामुदायिक भवन बन जाने से शीतला पारा वालो को विभिन्न आयोजनों के लिये एक अच्छा स्थान मिल जायेगा। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा, ताकि इसका लाभ जल्द मिल सके।

कौरिनभाठा में आज आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्री यादव सहित जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, श्री राजा माखीजा, श्री दिलेश्वर साहू, वार्ड पार्षद श्री डुरेन्द्र साहू, पार्षद श्री कमलेश बंधे, श्री मनोहर यादव, श्री सेवक उईके, सतीश साहू, समाजिक कार्यकर्ता श्री सुमित भाटिया, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा, पार्षद प्रतिनिधि श्री प्रमोद साहू, श्री राजेश यादव, श्री पंकज कुरंजेकर, श्री जीवन चतुर्वेदी, रिद्धी सिद्धी कालोनी के अध्यक्ष श्री नरेश साहू ने पूजा अर्चनाकर गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के अध्यक्ष श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय, जी प्रदेश में विकास कार्यो के साथ साथ हर वर्ग का विकास हो, इस सोच को लेकर कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दी गयी राशि से वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी की अनुशंसा पर शहर में 63 करोड के विकास कार्य कराने स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसका काम आने वाले भविष्य में धरातल में दिखेगा। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के चंद्रिका उईके, खेम साहू, ढलेश वैष्णव, अरूण राव, संगीता मानिकपुरी, सुषमा दिवाकर, सरस्वती यादव ने अतिथियो का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# सावन मनभावन



सावन बरसा ऋतु के सुग्घर महीना आय । साल के बारा महीना मा तीन परमुख ऋतु दुबरसा, सरदी अउ गरमी हे । येहर चार -चार महीना मा तीन भाग म बटे हे जेला चउमास केहे जाथे।

अलग- अलग मउसम (ऋतु) के अलगे - अलग महत्ता हे। कोनो भी मउसम के पहिली महीना बड़ सुहावन होथे, काबर कि मइनखे मन ला एकर बड़ अगोरा रहिथे। सा + वन =सावन बन जंगल के समान भुइयाँ मा हरियाली छा जाना सावन आय।

सावन महीना के नाँव ले हिन्दी अउ छत्तीसगढ़ी मा अब्बड़ अकन गाना बने हे। जेकर ले सावन महीना अउ मनभावन होय लगथे। जइसन मउसम वइसनेच गीत ल सुनके मन हर गजब गदक जाथे। बरसा ऋतु ले पहिली गरमी ऋतु आथे। भुइयाँ हर सुरुज नरायण के ताप ले तपे लगथे। जइसे सिक्का के दू बाखा हे, वइसने मइनखे मा नर अउ मादा हे। बिना नर - मादा के तीसर जीव पईदा होबे नई कर सके। वइसने भुइयाँ अउ अगास के बिना सिरिस्टी के कोनो अवचित्य नई हे। भुइयाँ हर जब बिकराल गरमी ले तीप जाथे तेकर पाछू अगास हर ऊपर ले पानी बरसाथे। जब पानी बरसथे तेकर कुछ दिन बाद भुइयाँ मा नवा - नवा जीव जंतु मन जनमथे। तेकर सेती भुइयाँ ल दाई अउ अगास ल ददा कहे जाथे। परकिरति म अतेर सकती हाबे कि वोहर कोनो ल बिगाड़ सकथे त कोनो ल बना घलोक सकथे। सबो जीव सब्बो मउसम म पईदा नई होवय। कुतिया हर जड़काला के मउसम मा जनमथे, कीरा मकोरा, सांप,बिच्छ, मेचकामन बरसात म जनमथे अउ गरमी मा बेंदरा, सुवा जइसन चिरई चिरगुन हर अपन सही नवा जीव ला पईदा करथे। सावन महीना मा पियासे सुख्खा नदिया, नरवा, ढोरगी मन पल्ला मार के दउड़े लागथे, खोंचका , डबरा, तरिया ,नदिया, कुआँ - बउली मा पानी लबालब भरा जाथे। सावन महीना भुइयाँ के सिंगार करे के महीना आय, येकर पहिली असाढ़ महीना हर सावन ला कुछ बरसा करके संदेस पठो देथे,अब तोर पारी अवइय्या हे ।गरमी मा गरभधारण करे अधिकांश जीव - जंतु पिला फेर के अपन लइका लोग संग मेंछरावत खेतखार गली - खोर म दिखे लगथे। किसान के असाढ़ मा बोए धान, कोदो कुटकी संग आन जिनिस भुइयाँ ले बाहिर निकलके झाँकत हरियाय लगथे। ये सबला देखेके अइसे लगथे जानो- मानो भुइयाँ हर नवा नेवरनिन दुल्हीन कस सज संवर के खड़े हे। सावन महीना ले किसान के छोटे - बड़े तीज -तिहार ओरी - पारी, संघरे लगथे। अपन खेती किसानी के संग तिहार मनावत लइका-सियान मन खेत खलियान मा काम - बुता के संगे - संग आँचलिक लोक गीत सुवा, करमा, रेला,ददरिया, ला सुग्घर राग धरके गावत रहिथे। आखिर म ये कहे जा सकथे कि दुसावन महीना मइनखे के संगे - संग जीव -जंतु ,पशु - पंछी,रुख - राई मन बर नवा जिनगी जीए खातिर सुख्खा कटोरा मा हँसी खुशी के दूध - दही अउ मंदरस के रस ल ढार देथे।



मदन मंडावी
ग्राम -ढारा ( करेला )
डोंगरगढ़ राजनांदगांव।

## धर्म समाचार....

# केवल नाग पंचमी पर ही खुलते हैं इस मंदिर के द्वार, दर्शन से दूर होता है कालसर्प दोष






आज हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जिसमें दर्शन करने से कालसर्प दोष से मुक्ति मिल सकती है। इसी कारण मंदिर खुलने पर भक्तों की भारी भीड़ यहां जमा होती है। इस मंदिर की खास बात यह है कि पूरे साल में इस मंदिर के पट केवल 24 घंटे के लिए ही खोले जाते हैं। चलिए जानते हैं इस विशेष मंदिर के बारे में। आज हम बात कर रहे हैं नागचंद्रेश्वर मंदिर की, जो उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर परिसर में स्थित है। इस मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक फैली हुई है। साल में केवल नाग पंचमी पर ही इस मंदिर के द्वार खोले जाते हैं, जिसके पीछे एक विशेष कारण भी मिलता है। चलिए जानते हैं इसके बारे में।

**कब खुलेंगे मंदिर के द्वार**

इस बार नाग पंचमी 29 जुलाई को मनाई जाएगी। इस प्रकार नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट 29 जुलाई को भक्तों के लिए खोले जाएंगे। इस दिन भक्त 24 घंटे भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन का लाभ उठा सकेंगे। नाग पंचमी के दिन, मंदिर में विशेष पूजा और आरती की जाती है और इसके बाद पुन: मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं।

**मंदिर की खासियत**

महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के शिखर पर नागचंद्रेश्वर मंदिर स्थापित है। यहां पर नाग देवता की जो प्रतिमा स्थापित है, वह 11वीं शताब्दी की बताई जाती है। साथ ही इसे लेकर कहा जाता है कि यह प्रतिमा नेपाल से भारत लाई गई थी। आपने विष्णु भगवान को ही सर्प शय्या पर विराजमान विराजमान देखा होगा। लेकिन यह दुनिया का इकलौता ऐसा मंदिर हैं, जहां भगवान शिव सर्प शय्या पर विराजमान हैं। इस अद्भुत प्रतिमा में नाग देवता ने अपने फ्न फैलाए हुए हैं और उसने ऊपर भगवान शिव, माता पार्वती समेत विराजमान हैं। नाग पंचमी के शुभ अवसर पर भगवान नागचंद्रेश्वर की त्रिकाल पूजा की जाती है। पौराणिक कथा के मुताबिक, एक बार सर्पों के राजा तक्षक ने भगवान शिव की कृपा प्राप्ति के लिए कठोर तपस्या की। राजा की इस तपस्या से महादेव अति प्रसन्न हुए और उन्होंने उन्हें अमरत्व का वरदान दिया।

इसके बाद राजा तक्षक नाग भगवान शिव के सान्निध्य में अर्थात महाकाल वन में ही वास करने लगे। लेकिन राजा की यह इच्छा थी कि उनके एकांत में कोई विघ्न न आए। यही कारण है कि नागचंद्रेश्वर मंदिर के द्वार केवल नाग पंचमी पर ही खोले जाते हैं।

## कामिका एकादशी पर जरूर ध्यान रखें तुलसी से जुड़े ये नियम, बढ़ेगी सुख-समृद्धि

माना जाता है कि जिस घर में नियमित रूप से तुलसी जी की पूजा की जाती है वहां सदैव घर में सुख-शांति का वास बना रहता है। एकादशी के दिन तुलसी का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय है। ऐसे में आपको सावन की पहली एकादशी यानी कामिका एकादशी पर तुलसी से जुड़े कुछ नियमों का ध्यान जरूर रखें।हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व माना गया है। इस बार सावन की पहली और भी खास होने वाली है, क्योंकि इस बार एकादशी पर सावन सोमवार का भी संयोग बन रहा है। इस साल कामिका एकादशी सोमवार 21 जुलाई को मनाई जाएगी। इस तिथि पर आपको तुलसी से से संबंधित इन बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, ताकि प्रभु श्रीहरि जी की कृपा सदैव आपको ऊपर बनी रहे। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, एकादशी के दिन तुलसी में जल अर्पित नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही इस दिन पर तुलसी के पत्ते या स्पर्श करने से भी बचना चाहिए। क्योंकि ऐसा मान्यता है कि एकादशी के दिन देवी तुलसी निर्जला व्रत करती हैं। और इन सभी कार्यों को करने से उनके व्रत में बाधा पहुंचती है। इसके साथ ही तुलसी के आसपास साफ्-सफ्ाई का भी विशेष रूप से ध्यान रखें।




**मिलेगी मां लक्ष्मी की कृपा-** एकादशी के दिन तुलसी पूजन भी बहुत शुभ माना जाता है। बस इस बात का ध्यान रखें कि तुलसी को स्पर्श नहीं करना है। इस दिन पर सूर्यास्त के समय तुलसी के पास घी का दीपक जरूर जलाएं। इसके साथ ही तुलसी की 7 बार परिक्रमा करें और महाप्रसाद जननी सर्व सौभाग्यवर्धिनी, आधि व्याधि हरा नित्यं तुलसी त्वं नमोस्तुते।। मंत्र का जप करें। अंत में मां तुलसी की आरती करें। इससे साधक पर मां लक्ष्मी की कृपा भी बनी रहती है।

**जरूर करें ये काम-** एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा के दौरान में उनके भोग में तुलसी पत्र जरूर अर्पित करें। तुलसी के बिना प्रभु श्रीहरि का भोग अधूरा माना जाता है। लेकिन साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि एकादशी के दिन तुलसी के पत्ते नहीं उतारे जाते। ऐसे में आप एक दिन पहले ही तुलसी के पत्ते उतारकर रख सकते हैं।उ

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉटपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी फिल्ड में दौरा कर कृषकों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निराकरण : कलेक्टर

## कलेक्टर ने विभिन्न विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं के मद्देनजर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्यपालन विभाग के अधिकारियों की ली संयुक्त बैठक

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं के मद्देनजर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्यपालन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन के कार्य में गति लाएं। 31 जुलाई तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री क्रेडिट कार्ड एवं एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के कार्य को मिशन मोड में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत कृषकों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने की दिशा में परिणाममूलक कार्य करें। सभी अधिकारी विजन के साथ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करें, ताकि एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। उन्होंने कहा कि जिले में किसानों के लिए खाद-बीज की कमी नहीं होना चाहिए। इसके लिए सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिए तथा ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन करते हुए, जहां खाद-बीज की कमी हो सकती है, वहां तत्काल आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य योजनाओं में आ रही तकनीकी दिक्कत को दूर करने के लिए केन्द्रीय सहकारी बैंक में कृषकों को निर्धारित तिथि में बुलाकर निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों से डीएमएफके अंतर्गत खनिज प्रभावित क्षेत्रों के तहत लोकहित में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी फिल्ड में निरंतर दौरा करें और कृषकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए यह जरूरी है कि व्यापक तौर पर किसानों को जानकारी प्रदान करें। कृषकों को



**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री केडिट कार्ड एवं एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के कार्य को मिशन मोड में करने के दिए निर्देश**

धान के बदले दलहन, तिलहन एवं लघु धान्य फसल प्रोत्साहित करने के लिए कहा। ग्रीष्मकाल में धान के बदले दलहन, तिलहन, उद्यानिकी फसलों को बढ़वा देने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग अंतर्गत धान के बदले साग-सब्जी, फल-फूल की खेती को बढ़ावा देने के लिए कहा तथा विजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को चिन्हांकित करते हुए पाली हाऊस एवं अन्य योजनाओं के तहत खेती को बढ़ावा देने के लिए कहा। बैठक में बताया गया कि ऑइल पाम योजना के तहत खेती करने तथा कटहल के पौधे व्यापक तौर पर लगाए जाएंगे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मत्स्य पालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मछुआरों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सालय में ऐसी व्यवस्था बनाएं कि क्लीनिक में पशुओं का समुचित उपचार हो सके। उन्होंने कहा कि सभी पशु चिकित्सक समय पर चिकित्सालय में उपस्थित रहे तथा शासन की योजनाओं के तहत कार्यों में प्रगति दिखना चाहिए। डीएमएफके तहत प्रत्यक्ष प्रभावित ग्रामों के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कैटल फार्म, पोलेट्री फार्म एवं डेयरी फार्म के संबंध में जानकारी ली। बैठक में मछली बीज उत्पादन एवं बंद पड़ी खदानों में केज कल्चर के संबंध में जानकारी ली। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना तथा तालाबों में मत्स्य पालन एवं महिला स्वसहायता समूह को मछली पालन से जोडने, मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जिले में धान का रकबा कम करने के लिए कम पानी की आवश्यकता वाले दलहन, तिलहन एवं उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीज निगम द्वारा गुणवत्तायुक्त बीज किसानों को मिलना चाहिए, इस पर ध्यान दें। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री टीकम ठाकुर, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. अनूप चटर्जी, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री राजेश शर्मा, सहायक संचालक मछली पालन श्री सुदेश कुमार साहू, जिला खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र श्रीमती गुंजन झा, डीएमओ श्रीमती हीना खान, राजाराम कंपनी, एबीस ग्रुप, बीज निगम के प्रभारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से स्कूली बच्चे की मौत

**मानपुर (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के मानपुर ब्लॉक में बीती शाम गुरुवार को एक मासूम स्कूली बच्चे की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई.



घटना ग्राम घोटिया की है, जहां स्कूल से छुट्टी के बाद छात्र अपने घर के पीछे खेतों की तरफ बकरी चराने गया था. लेकिन विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. बच्चे की मौत झटका तार को डायरेक्ट बिजली खंभे से आए 330 वोल्ट से जोड़कर तार को खेत के चारों ओर घेरा किया गया था। जिसके चपेट में आकर आदिवासी स्कूली बच्चे की मौत हो गई। जिसे लेकर परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. जानकारी के मुताबिक, मृतक दीपेश हिड़को स्कूल से लौटने के बाद खेतों की ओर बकरी चराने अपने बहनों के साथ गया था. वहीं एक खेत में लगाए गए झटका तार में वह बुरी तरह झुलस गया. मौके पर खेत में रखवाली कर रहे साहू राम मौजूद था, किंतु करंट लगने पर झटका मशीन को बंद नहीं किया। करंट लगने पर छोटी बहनों ने दीपेश को बचाने की कोशिश किए लेकिन असमर्थ होने पर अपनी मां को बुला लाए मां के आने के बाद साहू ने मशीन को बंद किया। अगर समय रहते मशीन को बंद किया जाता तो शायद इस विपदा को टाला जा सकता था। परिजनों का कहना है कि खेत में लगाए गए झटका तार में बिजली पोल से अवैध रूप से खींची गई तेज करेंट प्रवाहित की जा रही थी, जिसकी चपेट में आकर दीपेश की जान चली गई.

## महाकाल की पालकी यात्रा 21 को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर से जुड़ी महाकाल सेना द्वारा महाकाल की यात्रा सोमवार 21 जुलाई को



निकाली जाएगी। इस यात्रा को लेकर तैयारीयां जोरो से चल रही है। महाकाल भक्त नीलू शर्मा व पवन डागा ने बताया कि महाकाल की द्वितीय यात्रा दिनांक 21.7.25 दिन सोमवार को क्लब चौक बसंतपूर, महामाया चौक, गांधी नगर महेश नगर, कमला कालेज चौक, रेस्ट हाउस मार्ग, प्रभात नगर, महाकाल पालकी यात्रा का विश्राम लालबाग लाल बागेश्वर धाम सिंधु कॉलोनी में होगा वहां बाबा बर्फानी बाबा का बर्फ का शिवलिंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा जो अमरनाथ जी के दर्शन की याद दिलाता रहेगा। महाकाल की सावन सोमवार को निकलने वाली पालकी यात्रा के लिए भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि संस्कारधानी में सिंघोला के महाकाल मंदिर से जुड़ी महाकाल सेना की इस पालकी यात्रा के स्वागत सत्कार के लिए जगह-जगह नागरिकों और नागरिक संगठनों की भीड़ उमड़ पड़ती है।

# 15 ट्रस्टी के लिए 34 उम्मीदवार मैदान में, बूथ में मोबाईल बैन, तीन रंग के रहेंगे बैलेट पेपर

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के 15 नए ट्रस्टी के लिए रविवार को मतदान होगा। वहीं सोमवार को मतगणना होगी। जिसमें 34 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। निर्वाचन अधिकारियों ने मतदान व मतगणना की तैयारी पूरी कर ली है। शुक्रवार को मतदान दलों को प्रशिक्षण देकर अंतिम बार रिहर्सल किया गया।

तीनों श्रेणी के लिए अलग-अलग बूथ बनाएं गए है, ताकि मतदाताओं को अपना बूथ खोजनें में परेशानी न हो। निर्वाचन अधिकारी जेआर बरिहा ने बताया कि संरक्षक श्रेणी के मतदाताओं के लिए बम्लेश्वरी हॉस्पिटल मतदान केंद्र रहेगा। इसी तरह से आजीवन श्रेणी के लिए नीचे मंदिर सीढी के पास शेड में तथा साधारण श्रेणी के लिए लाइब्रेरी मतदान केंद्र रहेगा। कुल छह मतदान केंद्र बनाएं गए है। प्रत्येक श्रेणी में दो-दो केंद्र रहेंगे जिसमें पुरुष व महिला दोनों के अलग-अलग बूथ बनाकर मतदान करनें की सुविधा दी गई है। रविवार को मतदान तथा सोमवार को मतगणना सुबह 7 बजें शुरु होगी। जिसमें 50 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात रहेंगे। संरक्षक श्रेणी में 522 मतदाता अपनें मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं आजीवन श्रेणी में 884 मतदाता व साधारण श्रेणी में



1537 वोटर्स है। कुल 2943 मतदाता रविवार को वोट डालेंगे। बूथ के भीतर मोबाईल प्रतिबंधित, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी- निर्वाचन अधिकारी बरिहा ने बताया कि सभी बूथों की निगरानी स्ट्रांग रूम में लगें सीसीटीवी कैमरों से होगी। इसके अलावा बूथ के भीतर मतदाता मोबाईल व कैमरा आदि नहीं ले जा सकेंगे। अंदर जानें से पहलें काउंटर में मोबाईल को जमा कर टोकन लेना होगा। वोट डालनें के बाद मतदाता टोकन दिखाकर मोबाईल वापस के सकेंगे। वोटिंग से पहलें पाकेट की जांच होगी। वहीं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की सुविधा रहेगी। तीन रंग के रहेंगे बैलेट पेपर, नाम के बगल में लगानी होगी सिंगल मुहर- तीनों श्रेणी के लिए अलग-अलग रंग के बैलेट पेपर रहेंगे। जिसमें संरक्षक श्रेणी के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में है। इनमें से सात को चुनना है। इस श्रेणी के लिए गुलाबी रंग का बैलेट पेपर रहेगा। इसी तरह से आजीवन श्रेणी के लिए पीला रंग रहेगा। जिसमें 11 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है। इस श्रेणी से पांच ट्रस्टी चुनकर आएंगे। तथा साधारण श्रेणी के लिए फीका नीला रंग का बैलेट पेपर निर्धारित किया गया है। जिसमें नौ प्रत्याशी चुनावी रण में है। इस श्रेणी से तीन लोग चुनकर आएंगे। बैलेट पेपर में उम्मीदवार के नाम के बगल में सिंगल मुहर लगानी होगी। अतिरिक्त मुहर दिखनें पर वोट रिजेक्ट माना जाएगा। पेपर पर मुहर लगातें समय इस बात का ध्यान देना होगा। ट्रस्ट का परिचय पत्र अनिवार्य, न हो तो तत्काल दो फोटो देकर बनाना होगा- मंदिर ट्रस्ट के चुनाव में वोटर्स को वोटिंग से पहलें ट्रस्ट द्वारा जारी परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य है। 2022 में जारी परिचय पत्र मान्य होंगे। वहीं परिचय पत्र गुम हो जानें की स्थिति में नीचे मंदिर कार्यालय में नया परिचय पत्र बनाया जा रहा है। इसके लिए मतदाता को दो पासपोर्ट साइज फोटो देना होगा। वोटिंग के लिए प्रत्येक मतदाता को परिचय पत्र अनिवार्य किया गया है। 34 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला, सोमवार को मतगणना- ट्रस्ट चुनाव में इस बार तीनों श्रेणी से 34 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इनमें संरक्षक श्रेणी से 14 उम्मीदवार है। जिसमें मनोज अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, अशोक चावड़ा, योगेश अग्रवाल, शिवकुमार शर्मा, अनिल गट्टानी, नारायण अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, गोविंद चोपड़ा, संजय अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, हरीश भंडारी, विनोद तिवारी शामिल है। वहीं आजीवन श्रेणी से पीतांबर स्वामी, महेंद्र परिहार, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, रघुवर अग्रवाल, देवेंद्र मिश्रा, सोनकुमार सिन्हा, संजय यादव, क्रांति टम्मी नामदेव चुनाव लड़ रहे है। साथ ही साधारण श्रेणी से बबलू शांडिल्य, गौतम चोपड़ा, संजीव गोमास्ता, अशोक साहू, सुमित पोद्दार, दीपक चंदाराणा, कौतुभ गुप्ता, आशीष अग्रवाल व महेश तिवारी के नाम शामिल है।

## गुलमोहर कॉलोनी, ममता नगर में कराओके ट्रैक पर विशेष प्रशिक्षण की सुविधा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संगीत प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर खुमान साव संगीत अकादमी, जो कि गुलमोहर कॉलोनी ममता नगर, गली नम्बर 3 में स्थित है, अब पुराने नग़मों की मधुर धुनों को सीखने और संवारने का विशेष मौका लेकर आई है। यहां कराओके ट्रैक पर पुराने हिन्दी फ़िल्मी गीतों की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसमें सुर, ताल और भाव को बारीकी से सिखाया जा रहा है। यह अकादमी उन सभी के लिए एक बेहतरीन मंच है जो लता मंगेशकर, मोहम्मद रफ़ी, किशोर कुमार और आशा भोंसले जैसे दिग्गज गायकों के नग़मों को अपनी आवाज़ में उतारना चाहते हैं। अकादमी में अनुभवी संगीत प्रशिक्षकों की देखरेख में हर उम्र के संगीत प्रेमियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीखने वालों को लाइव कराओके ट्रैक पर अभ्यास करवाया जा रहा है, जिससे मंच पर प्रस्तुति की तैयारी भी बेहतर हो सके।


सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092


# अग्रवाल समाज द्वारा भगवान शिव का महारूद्राभिषेक



नृत्य नाटिका के साथ संगीतमय आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पवित्र सावन मास में भगवान शिव की भक्ति एवं अराधना की बयार चल रही है। इसी कड़ी में अग्रवाल समाज द्वारा विगत दिवस भोलेनाथ के रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल सचिव आलोक बिंदल कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि पहली बार आमगांव से आये च्भोले के दिवानेच् भक्त मंडल द्वारा स्थानीय अग्रसेन भवन में भजन एवं नृत्य नाटिका के साथ पार्थिव शिवलिंग एवं शिव पार्वती की मूर्ति का निर्माण कर विधिविधान के साथ भगवान भोलेनाथ का च्रूद्राभिषेकच् कराया गया। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती सुनिता अग्रवाल ने जानकारी दी कि च्रूद्राभिषेकच् में अग्रवाल समाज के 150 महिला एवं पुरूषों ने भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन किया। भक्तिमय इस आयोजन में बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित रहे। शिव पार्वती की नृत्य नाटिका तथा राधा कृष्ण की रासलीला की प्रस्तुति से लोगों ने



भावविभोर होकर भक्तिरस का आनंद उठाया। फुलों की होली तथा भस्म आरती से समूचा वातावरण शिवमय हो गया। उपस्थित भंक्तों ने इस अनुठें कार्यक्रम की खूब सराहना की। भोले के दिवानेच् मंडली के मनीष शर्मा, ज्ञानू अग्रवाल ने बताया कि उनके मंडल का उद्देश्य सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु हिन्दु सनातनियों में धर्म के प्रति जागरूकता लाना, सांस्कृतिक वातावरण का निर्माण करना, माता पिता तथा वयोवृद्ध जनों को सम्मान दिलाना, अतिनिर्धनों लाचार एवं रोगी व्यक्तियों को अर्थ सहयोग एवं ईलाज उपलब्ध कराना है। अंत में भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शिव रूद्राभिषेक के इस अभिनव आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष सुशील पसारी, सुशील अग्रवाल, राजेश खोखरिया, श्रीकिशन अग्रवाल, नरेन्द्र गोयल, भावेष अग्रवाल, राजेश अग्रवाल। अग्रवाल महिला मंडल की रेखा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, वीणा अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, चैतन्य अग्रवाल, सूरज अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने दी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com